भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 5510

बुधवार, 05 अप्रैल, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

बहुराष्ट्रीय कंपनियों का बंद होना

5510. श्री असादुद्दीन ओवैसी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि भारत में ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के बाद ऐसी अनेक बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) ने देश में अपना परिचालन बंद कर दिया है जिनके पंजीकृत कार्यालय या अनुषंगी कंपनियां भारत में थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी कंपनी-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने किन परिस्थितियों में देश में अपने प्रचालन बंद करने का निर्णय लिया है;

(घ) क्या सरकार ने देश में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बंद होने के कारण हुए नुकसान और इस कदम के कारण बेरोजगार हुए भारतीयों की संख्या के आंकड़े संकलित किए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बंद करने से निपटने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) से (ङ): बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) शब्द को कंपनी अधिनियम, 2013 के दायरे में परिभाषित नहीं किया जाता है। तथापि, "विदेशी कंपनी" को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 की उप-धारा (42) के तहत परिभाषित किया गया है। "विदेशी कंपनी" का अर्थ है भारत के बाहर निगमित कोई कंपनी या कॉर्पोरेट निकाय- (क) जिसके पास, भारत में बिजनेस करने का एक स्थान है, चाहे वह स्वयं द्वारा या एजेंट के माध्यम से किया जाए, वास्तविक रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया जाए; और (ख) जो किसी भी अन्य तरीके से भारत में कोई व्यावसायिक कार्यकलाप करे। कई विदेशी कंपनियों की भारतीय सहायक कंपनियां हैं, जो भारतीय कंपनियां हैं, परंतु वे विदेशी धारक कंपनियों की सहायक कंपनियां भी हैं। आंकड़े यह दर्शाते हैं कि विदेशी कंपनियां और उनकी सहायक कंपनियां देश के विभिन्न भागों में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 380 के तहत पंजीकरण कराती हैं और समय-समय पर अपने व्यावसायिक प्रचालन को बंद भी करती हैं। प्रचालन बंद करना वाणिज्यिक व्यापार निर्णय से संबंधित विषय है। यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे प्रचालन की व्यवहार्यता, क्षेत्रगत रणनीति, वैश्विक प्राथमिकताएं, बाजार का आकार, कंपनी में पूंजी और संसाधन का आबंटन करना और साथ ही किसी विशेष व्यवसाय इकाई से संबंधित निर्णय लेना जैसे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में प्रचालन कार्य करना या नहीं करना।

बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) के संबंध में कोई आंकड़ा नहीं रखा जाता है।

*****